[This question paper contains 6 printed pages.]

**7972** *Your Roll No.* .............

**LL.B./II Term** **ES**

Paper LB – 203 – CRIMINAL LAW – II

(General Principles and Criminal Procedure)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :- इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt* **five** *questions in all, selecting at least* **one** *question from Part-B.*
**All** *questions carry equal marks.*

*भाग-B से कम से कम एक प्रश्न चुनते हुए कुल* **पाँच** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*
**सभी** *प्रश्नों के अंक समान हैं।*

## PART-A

## भाग – A

1. "There is a presumption that *mens rea* is an essential ingredient in a statutory offence, but this presumption is likely to be displaced either by the words of the Statute creating the offence or by the subject matter with which it deals." Explain this statement and discuss the relevance of mens rea while affxing liability in strict liability offences. Cite relevant cases in support of your answer.

"ऐसी उपधारणा है कि आपराधिक मनःस्थिति सांविधिक अपराध में एक आवश्यक घटक है किन्तु इस उपधारणा को उक्त अपराध को उद्भूत करने वाली संविधि के शब्दों द्वारा अथवा उस विषय-वस्तु द्वारा विस्थापित किया जा सकता जिसका यह निरूपण करती है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए और कड़े दायित्व वाले अपराधों में दायित्व आरोपित करते समय आपराधिक मनःस्थिति की सुसंगति क़ा विवेचन कीजिए। अपने उत्तर की पुष्टि में सुसंगत केसों का हवाला दीजिए।

2. (a) What are the limitations to the exercise of the right of private defence of person and property?

(b) 'A' under the influence of madness attempts to kill 'X' and his wife 'Y'. If 'X' causes harm to 'A' while protecting himself or his wife, would he be entitled to plead the right of private defence? Discuss.

(क) शरीर और सम्पत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार के प्रयोग की क्या परिसीमाएं हैं?

(ख) 'A' पागलपन के असर में 'X' और उसकी पत्नी 'Y' को मारने का प्रयास करता है। यदि स्वयं को अथवा अपनी पत्नी को बचाते समय 'X' 'A' को क्षति पहुंचाता है तो क्या वह प्राइवेट प्रतिरक्षा का अभिवाक करने का हक़दार होगा? विवेचन कीजिए।

3. (a) Explain the following maxims with the help of relevant cases

*Ignorantia facit doth excusat and ignorantia juris non excusat*

(b) Explain the law relating to intoxication as a defence to criminal charge as laid down in the IPC, 1860.

(क) सुसंगत केसों की सहायता से निम्नलिखित सूक्ति की व्याख्या कीजिए :- तथ्य की अनभिज्ञता प्रतिहेतु हो सकती है किन्तु विधि की अनभिज्ञता नहीं।

(ख) भारतीय दंड संहिता, 1860 में यथाअधिकथित आपराधिक अपराध के प्रति प्रतिरक्षा के रूप में मत्तता सम्बन्धी विधि की व्याख्या कीजिए।

4. What is the difference between common intention and Common object?

Five friends A, B, C, D and E with a common objective to rob a petrol pump go there in a car, and they are all armed with guns and knives. While A and B try to empty the cash box, C and D threaten the people there by firing shots in the air and E keeps the engine of their car running so that they may be able to escape fast. While trying to run away they face stiff resistance from the guard who is finally shot dead by B. A month later all five of these persons are apprehended from different places and charged with the offences of murder and other related offences with the help of Section 149 IPC. Decide.

सामान्य आशय और सामान्य उद्देश्य के बीच क्या भिन्नता है?

पेट्रोल पम्प को लूटने के सामान्य उद्देश्य से पांच मित्र A, B, C, D और E एक कार में वहां जाते हैं। उन सबके पास बन्दूकें तथा चाकू हैं। जबकि A तथा B कैशबाक्स को खाली करने का प्रयास करते हैं, C और D हवा में गोली चलाकर वहां मौजूद व्यक्तियों को डराते हैं और E उनकी कार का इंजिन चालू रखता है ताकि वे शीघ्र बचकर भाग जाए। भागने का प्रयास करते समय उनको गार्ड के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ता है जिसको अन्ततः B द्वारा शूट कर मार दिया जाता है। एक मास बाद उन पांचों व्यक्तों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया जाता है तथा भा० दं० सं० की धारा 149 की सहायता से उन पर हत्या तथा अन्य सम्बन्धित अपराधों का आरोप लगाया जाता है। विनिश्चय कीजिए।

5. What is the difference between Preparation and an Attempt to commit a crime? Discuss the liability of 'A' in the following circumstances:

'A' gives medicine to a woman to procure abortion but it turns out that–

(a) The woman was not pregnant

(b) The dosage of medicine was insufficient to cause abortion.

किसी अपराध को करने की तैयारी और प्रयास के बीच क्या भिन्नता है? निम्नलिखित परिस्थितियों में A के दायित्व का विनिश्चय कीजिए:

'A' किसी स्त्री का गर्भस्राव करने के लिए औषधि देता है पर यह पाया जाता है कि-

(क) स्त्री गर्भवती नहीं थी

(ख) गर्भकारित करने के लिए औषधि की ख़ूराक़ अपर्याप्त थी।

6. Write short notes on any **two** of following

(a) Difference between legal and medical insanity

(b) First information report

(c) Debate regarding Constitutional validity of Section 309 IPC

निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:

(क) विधिक और चिकित्सीय अमत्तता के बीच भिन्नता।

(ख) प्रथम इत्तला रिपोर्ट।

(ग) भा0 दं0 सं0 की धारा 309 की सांविधानिक वैधता सम्बन्धी परिचर्चा।

## PART-B

## भाग – B

7. What are the considerations before Court while granting bail in case of non-bailable offences?

What are the grounds on which bail may be cancelled? Explain

ग़ैर-ज़मानती अपराधों के मामले में जमानत मंजूर करते समय न्यायालय को किन बातों पर विचार करना पड़ता है?

वे कौन से आधार हैं जिन पर ज़मानत रद्द हो सकती है? व्याख्या कीजिए।

8. Discuss the following

(a) Basic features of a Fair Trial

(b) Plea Bargaining

निम्नलिखित की विवेचना कीजिए:

(क) निष्पक्ष विचारण के आधारभूत तत्व।

(ख) प्ली बार्गेनिंग (Plea Bargaining)